**Telesonic Networks Ltd.**
3rd & 4th Floor, Scheme No,-54
A.B. Road, Metro Tower.
Near Vijay Nagar Square,
Indore (M.P.)- 452010

www.airtel.in
Call +91 731 4222555

airtel

रायपुर, दिनांक :

प्रति,

**श्रीमान् कलेक्टर महोदय,**
कलेक्टोरेट परिसर कबीरधाम,
जिला – कबीरधाम, (छत्तीसगढ़).

विषय : कवर्धा डिवीजन अंतर्गत वनभूमि सडक समानांतर 4 जी टेलीकॉम सुविधा प्रदान करने हेतु आप्टिकल फायबर केबल बिछाने बाबत् प्रभावित वन भूमि एवं संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोजन हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 अन्तर्गत व्यपवर्तन हेतु FRA निर्धारित प्रपत्र "स" में प्रदान करने विषयक ।

संदर्भ : 1) कार्यालय चिप्स, एसडीसी बिल्डिंग, सिविल लाईन्स रायपुर का पत्र क्रमांक/737/CEO/Chips/SKY/ दिनांक 16.04.2018 ।

2) छत्तीसगढ़ शासन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर का आदेश क्रमांक–3–11/2018/56/इसूप्रौ दिनांक 11.05.2018 ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत अवगत हों कि संदर्भित पत्र क्रमांक–1 द्वारा कार्यालय चिप्स रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ संचार क्रांति योजना के तहत् मेसर्स टेलीसोनिक नेटवर्क्स प्रायवेट लिमिटेड को **"कार्यान्वयन सहभागी"** बनाया गया है तथा छत्तीसगढ़ शासन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा संदर्भित पत्र क्रमांक–2 एवं अधिसूचना क्रमांक/एफ–4/54/2014 /56/इसूप्रौ दिनांक 26.06.2015 के माध्यम से समस्त जिलों में कार्य सम्पादन हेतु राईट–ऑफ–वे की निःशुल्क अनुमति प्रदान की गई है ।

संदर्भित पत्र क्रमांक–2 के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन, इलेक्टॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा उल्लेखित प्रावधानों के अन्तर्गत **"छत्तीसगढ़ संचार क्रांति योजना (स्काई योजना)"** के तहत् अनुमति प्रदान की गई है ।

आपके जिले के क्षेत्रान्तर्गत कवर्धा डिवीजन अंतर्गत वनभूमि सडक समानांतर आप्टिकल फायबर केबल बिछाने का कार्य प्रस्तावित है तथा इस मार्ग में निम्नांकित वन भूमि शामिल है :–

Telesonic Networks Ltd.
3rd & 4th Floor, Scheme No,-54
A.B. Road, Metro Tower.
Near Vijay Nagar Square,
Indore (M.P.)- 452010

www.airtel.in
Call +91 731 4222555

airtel

# प्रभावित वन भूमि का कक्ष अनुसार विवरण

| कमांक | मार्ग | वन संभाग | वन परिक्षेत्र | ग्राम का नाम | कक्ष कमांक | डायवर्सन एरिया (हेक्टर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धवईपानी–बोडला | कवर्धा | चिल्पी | राजधर | 324 | 0.015 |
| 2 | | | | दुलदुला | 326 | 0.133 |
| 3 | | | | | 151 | 0.013 |
| 4 | | | | | 325 | 0.088 |
| 5 | | | | | 327 | 0.015 |
| 6 | | | | | 56 | 0.043 |
| 7 | | | | | 328 | 0.013 |
| 8 | | | भोरमदेव | बंजारी | 72 | 0.008 |
| 9 | | | चिल्पी | चिल्पी | 328 | 0.028 |
| 10 | | | | बंजारी | 59 | 0.015 |
| 11 | | | | चिल्पी | | 0.348 |
| **संरक्षित वनए आरक्षित वन कुल योग** | | | | | | **0.719** |

शासन के निर्देशानुसार एवं वन विभाग के गाईड लाईन के अनुसार FRA निर्धारित प्रपत्र ''स'' में संबंधित कलेक्टर द्वारा लिया जाना आवश्यक है । अतएव आपके अधिकार क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल वन भूमि पर ग्राम पंचायत की अनापत्ति प्रपत्र ''ब'' संलग्न है ।

अतः महानुभाव से अनुरोध है कि कृपया उक्त मार्ग में सम्मिलित वन भूमि/संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोजन हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 अन्तर्गत व्यपवर्तन FRA निर्धारित प्रपत्र ''स'' में प्रदान करने का कष्ट करें ।

(देवेंद्र अरोड़ा)
टेलीसोनिक नेटवर्क्स प्रायवेट लिमिटेड
इंदौर (मध्य प्रदेश)

संलग्न :– उपरोक्तानुसार ।